### कॉम्पलेक्स में गैर मुस्लिम लोगों को नहीं दी गई जगह, अधिकारियों पर भी हो कार्यवाही

# तात्कालिक अधिकारियों की लापरवाही की वजह से बेशकीमती जमीन पर बना अंजुमन कॉम्पलेक्स




### मुस्लिम सामुदायिक भवन बनाने के लिए कमलनाथ ने दिए थे दस लाख

नगर निगम के इस कॉम्पलेक्स की सबसे बुरी बात यह है कि इस कॉम्लपेक्स में किसी भी गैर मुस्लिम व्यापारियों को जगह नहीं दी गई है जबकि अंजुमन कमेटी के लोगों ने 12 हजार 290 वर्गफीट जमीन जो कि नजूल की थी वर्तमान में आठ हजार स्क्वेयर फिट पर मस्जिद बनी है और 1200 स्क्वेटर फिट पर मकान बने है। अंजुमन कमेटी द्वारा सांसद कमलनाथ से वर्षों पहले मुस्लिम सामुदायिक भवन बनाने की मांग की थी तब सांसद ने सांसद निधि से दस लाख रूपए की राशि स्वीकृत की थी। राशि स्वीकृत होने के बाद यहां स्थित सेल टैक्स ऑफिस को यह कहकर तोड़ा गया कि यहां पर मुस्लिम सामुदायिक भवन बनेगा परंतु तुष्किरण की नीति के तहत तात्कालिक राजनीतिककार और अधिकारियों ने समुदाय विशेष को यह पूरा कारनामा करने की पूरी छूट दी और उसी का नतीजा है कि आज यह कॉम्पलेक्स पूरी शासकीय व्यवस्था, नियम कानून को ताक में रखते हुए बीच बाजार में किसी भी एससी, एसटी, ओबीसी को जगह न देते हुए समुदाय विशेष के लोगों की दुकान के साथ खड़ा है। अब देखना यह है कि नगर निगम के आला अधिकारी और याचिका कर्ता की कड़ी मेहनत के बाद यह भवन किस स्थिति में रहता है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

शहर के हृदय स्थल मेन मार्केट की करोड़ों की जमीन पर करोड़ों की लागत से एक अवैध कॉम्पलेक्स तैयार हो जाता है और नगर निगम में बैठे जिम्मेदार अधिकारी कोई कार्यवाही न करने या सिर्फ दिखावे की कागजी कार्यवाही को अंजाम देते है। आज इस करोड़ों के भवन को तोड़ने के लिए नगर निगम के अधिकारी नोटिस नोटिस खेल रहे है। जबकि इस भवन के विरोध में एक याचिका कर्ता सामने आया है और उसी याचिका का परिणाम है कि आज कुछ हल चल हो रही है अगर याचिकाकर्ता याचिका लगाकर विरोध प्रदर्शन नहीं करता तो अंजुमन कॉम्पलेक्स के मालिक आर्थिक लेन देन कर अधिकारियों का मुंह बंद करने में सफल हो जाते और पिछले पांच सालों से बना यह भवन आगे आने वाले पचास सालों में सिर्फ नोटिस के खेल को दरकिनार करते हुए अपने अस्तित्व को बनाने में सफल जाता। अभी भी यह कहना अतिश्योक्ति होगी कि यह भवन नगर निगम जमीदोज कर देगा क्योंकि शहर में ऐसे बहुत से अवैध भवन है जो कि अधिकारियों के शह पर निर्माणधीन है और नगर निगम के पीडब्लयू विभाग से आरटीआई में जानकारी भी नहीं दी जा रही है क्योंकि अवैध भवनों की सूची में शहर के नामचीन लोगों के नाम है। चूंकि नगर निगम में बैठे अधिकारियों को भी पैसे कमाना है इसलिए सूचना के अधिकार के तहत भी वे सूची नहीं देना चाहते और यही कारण है कि इस तरह के भवन पर कार्यवाही का दिखावा तब किया जाता है जब कोई याचिकाकर्ता हाईकोर्ट की शरण लेता है और अनायास ही अपने सैकड़ों दुश्मन पैदा कर लेता है।

दरअसल नगर निगम क्षेत्र में 2017 में अंजुमन कमेटी को नजूल से 6085 वर्गफीट की जमीन पर आवासीय भवन बनाने की अनुमति दी गई थी। अंजुमन कमेटी ने आज वहां पर 30 हजार स्क्वेयर फिट पर कॉम्लपेक्स बनाकर जमीन का व्यवसायीकरण कर दिया। जबकि अंजुमन कमेटी ने सिर्फ ग्राउंड लेवल पर मकान की अनुमति मांगी थी जबकि आज तीन मंजिल इमारत बनकर तैयार है। ली गई अनुमति से कई गुना ज्यादा जगह पर कॉम्पलेक्स का निर्माण किया गया है। इस कॉम्पलेक्स के निर्माण में दर्जनों त्रुटियां होने के बाद भी नगर निगम के तत्कालिक अधिकारियों ने इसे रोकने का कोई प्रयास नहीं किया।

जबकि गरीब या मध्यम वर्ग के ऊपर प्रशासन अपने अधिकारियों और बुलडोजर की धौंस दिखाकर कार्यवाही कर लेता है।

### अनावश्यक रूप से हरे भरे पेड़ को भी काटने की है तैयारी

## पांडूपिपरिया सचिव शौचालय निर्माण में कर रहा है धांधली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

ग्राम पंचायत पांडूपिपरिया में सचिव की मनमानी एवं से बगैर तकनीकी मार्गदर्शन के स्कूल शौचालय निर्माण में इनकी भ्रष्ट नियत साफ नजर आ रही है। 4 लाख की लागत से पाण्डुपिपरिया माध्यमिक शाला प्रांगण में शौचालय का निर्माण विवादों में आ गया है। जनपद के उपयंत्री अनीस खान के अधीन इस निर्माण कार्य का ले आउट उन्होंने नहीं दिया है। फिर भी पंचायत सचिव द्वारा इस निर्माण कार्य मे व्यापक तकनीकी अनियमितता बरती जा है। पाण्डुपिपारिया स्कूल में प्रांगण ग्राम पंचायत के सचिव मकरलाल तुमडाम ने बताया कि 4 लाख की लागत से दो शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है। पुराने शौचालय को तोड़कर उसी स्थान पर पुरानी ईंट, लोहे के सरिया का इस्तेमाल इनके द्वारा किया जा रहा हैं। बीते मंगलवार को जिला कलेक्टर के दौरे के पहले आननफानन में पांडुपिपरिया ग्राम पंचायत सचिव ने प्राथमिक शाला में शौचालय का काम तो शुरू करवाया। इसके पहले पंचायत ने पुराने शौचालय को तोड़कर उसी की सामग्री का इस्तेमाल कर एक शौचालय का टैंक बनाया । कलेक्टर के दौरे की खबर मिलते ही दूसरे शौचालय का काम शुरू कराया गया। पहले पंचायत एक ही शौचालय की जानकारी दे रही थी। सरकारी काम में हर स्तर पर भ्रष्टाचार जमकर हो रहा है।

हाल ही में ग्राम पंचायत पांडूपिपरिया में ग्राम पंचायत द्वारा पुराने शौचालय को तोडकर उसी मटेरियल से नये शौचालय का निर्माण करना सचिव की भ्रष्ट दिया दर्शाती है। इस कार्य मे गुणवत्ताहीन पतले टीन के दरवाजे लगाए जा रहे है। ग्राम पाण्डुपिपारिया में माध्यमिक और प्राथमिक शाला एक ही प्रांगण में संचालित है।

पुराने शौचालय की जगह पर नए शौचालय का निर्माण पंचायत द्वारा कराया जा रहा है। यहाँ लगाए जा रहे लोहे टीन के मोहब्बत के विपरीत एवं गुणवत्ताहीन है। सरकारी स्कूल में घटिया सामाग्री लगाने का ये कोई पहला मामला नही है। इस कार्य को देखने आज तक पंचायत सचिव नही पहुंचे है।

# भू माफियाओं को मिल रहा जिम्मेदारों का खुला संरक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



नगर पालिका क्षेत्र सहित ग्राम पंचायतों में भू मफिया जमकर मनमर्जी से खेतों में प्लाटिंग करके बेच रहे हैं । बिना डायवर्सन बिना स्वीकृत नक्शे के खेतों की जमीन पर प्लाट काटकर महंगे दामों में बेचे जा रहे हैं ।जिनकी खरीद-फरोख्त में भू माफियाओं को जिम्मेदारों का भी संरक्षण प्राप्त हो रहा है ।ऐसी जन चर्चा क्षेत्र में व्याप्त है।

हालांकि प्रदेश सरकार ने अवैध कालोनियों और भू माफियाओं के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं ।किंतु क्षेत्र में इन निर्देशों का कोई प्रभाव पड़ता नहीं दिखाई दे रहा है ।क्षेत्र में कई लोग कुछ एकड़ खेत की जमीन खरीद कर प्लाट काट रहे हैं ।भू माफियाओं द्वारा नियम कायदों को ठेंगा दिखाते हुए अवैध प्लाटिंग का कारोबार बदस्तूर क्षेत्र में जारी है। इन प्लाटों की रजिस्ट्री कराने में भी क्षेत्र के कुछ चर्चित चेहरे सक्रिय नजर आते हैं । खेतों की जमीन में प्लाटिंग करके कृषि उपज भूमि का रकबा दिन-प्रतिदिन कम होते जा रहा है। नगर पालिका क्षेत्र सहित नगर से लगी ग्राम पंचायतों में भू माफियाओं द्वारा अवैध प्लाटिंग का कारोबार धड़ल्ले से संचालित हो रहा है ।नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 17 और 18 सड़क के किनारे छिंदवाड़ा रोड पर तथा ज्ञान सागर स्कूल के आगे उमरेड रोड, चिकलमऊ चौराहे से ग्राम पंचायत जुन्नारदेव विशाला, ,दमुआ रोड ,हनोतिया रोड ,आलीवाला टाटरवाडा रोड पंचशील कॉलोनी के आगे अनेकों स्थानों पर खेतों को काटकर अवैध प्लाटिंग की जा चुकी है। अवैध प्लाटिंग का कारोबार बदस्तूर जारी है ।जिस पर स्थानीय प्रशासन की कार्यवाही ना होना चर्चा का विषय बना हुआ है। अवैध प्लाटिंग को रोकने के लिए राजस्व विभाग एवं नगर पालिका द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं देखी जा रही है। जिसके चलते भू माफियाओं के हौसले बुलंद है ।खेत की कृषि भूमि के नाम पर छोटे छोटे प्लाट बेच कर लाखों का वारा न्यारा किया जा रहा है ।मौके पर प्लाटिंग के लिए सीमेंट के पोल लगाकर लेआउट दिया जा रहा है ।इस और प्रशासन का ध्यान क्यों नहीं जा रहा है ? यह चिंता का विषय है ।अवैध प्लाटिंग के कारोबार से शासन के नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है।

### 36 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को नोटिस

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग छिंदवाड़ा द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्रों की बेहतरी, प्रदाय सेवाओं में सुधार और बच्चों को सुपोषित करने के उद्देश्य से नवाचार किया गया है। इसके तहत अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्रों के औचक निरीक्षण के साथ ही वीडियो कॉल द्वारा आंगनवाडी केन्द्रों की मॉनिटरिंग की जा रही है। 10 से 15 आंगनवाडी केन्द्रों पर वीडियो कॉल के माध्यम से आंगनवाड़ी केन्द्र पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं बच्चों की उपस्थिति तथा नाश्ता एवं भोजन के समय पर बच्चों की उपस्थिति की मानिटरिंग सुनिश्चित की जा रही है। 36 आंगनवाड़ी केन्द्र बंद पाए जाने पर संबंधित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### साप्ताहिक समय सीमा की बैठक संपन्न

**छिंदवाड़ा।** नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह ने गुरुवार को निगम सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक में निगमायुक्त ने बैठक में 03 जनवरी से 07 जनवरी 24 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियो की समीक्षा की। इसके बाद आयुक्त ने राजस्व वसूली को समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि पोर्टल के बंद होने पर संपत्ति कर एवं जलकर की वसूली रसीद कट्टे के माध्यम की जाए साथ ही पोर्टल में सुधार के उपरांत कम्प्यूटर जनरेटेड प्रति उपभोक्ताओं को प्रदान की जाए। इसके साथ ही आयुक्त ने वृद्धाश्रम में निवास कर रहे सभी वृद्धजनो को सामाजिक पेंशन योजना के माध्यम से लाभांवित करने के निर्देश दिए गए। निगमायुक्त ने खुले में पशु मांस एवं मछली विक्रय पर सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश दिए, निर्देशो की अवहेलना करने पर चालान करने के निर्देश दिए गए।

### जनता ले रही है केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ



**सौसर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा' के अंतर्गत गुरुवार को सौसर विधानसभा के ग्राम छत्रापुर ,सावंगी मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य संदीप मोहोड, सौसर जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय भुतेने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से प्रदेश और केंद्र की द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार और इन योजनाओं का लाभ लेने से जो हितग्राही छूट गए हैं। उन लोगों को लाभ दिलाना मुख्य मकसद है। आम जनमानस नेवी लाडली बहन, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान भारत, तीर्थ दर्शन लाड़ली लक्ष्मी आदि योजनाओं का लाभ लेकर अपने जीवन को सुखमय बनाना चाहिए। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय भुते, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष नारायण वाडोडे,आदिवासी नेता मोरेश्वर मसकोले, राजेन्द्र भक्ते,दिनेश भलावी खेमराज सोनेकर, नामदेव पाल, विष्णु वाघ सुरेश कोठे, आदि उपस्थित थे।

# आयुक्त ने दिए खुले में मांस बेचने वालों सख्त निर्देश

### परासिया रोड पर तीन दुकानों से दस हजार रूपए की चालानी कार्यवाही



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह ने समय सीमा बैठक में खुले में पशु मांस एवं मछलियों के विक्रय पर सख्ती के निर्देश दिए हैं। निगमायुक्त के निर्देश पर उपयंत्री नेहा चौहान सहित निगम अमले ने परासिया रोड स्थित तीन दुकानों पर 10,000 रुपए की चालानी की। इस कार्यवाही में स्वच्छता निरीक्षक अरुण गढ़ेवाल, अनिल लोट सहित गोविंद चौहान एवं अतिक्रमण दल के सदस्य उपस्थित रहे।

### स्टार परियोजना में चयनित हुई छात्रा ने किया दिल्ली भ्रमण



**परासिया :** मध्य प्रदेश स्टार परियोजना में आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला परासिया की छात्रा सिद्धि जैन का चयन किया गया व्यावसायिक शिक्षा के ट्रेड ब्यूटी एड वेलनेस के लिए जिले में सबसे ज्यादा अंक प्राप्त होने से छात्रा का चयन किया गया छात्राओं को पांच दिवसीय दिल्ली भ्रमण का अवसर शासन की ओर से प्रदान किया गया है एडीपीसी डॉक्टर साबिर फारुकी विषय शिक्षिका अर्पणा जैन अलंकार शिवा और आदित्य खरपुसे को भ्रमण में जाने का औसर प्राप्त हुआ कन्या शाला प्राचार्य के मार्गदर्शन में छात्र और स्टाफ दिल्ली पहुंचा ।

# नपा की बिजली दिनदहाड़े हो रही थी चोरी, टीम ने रंगे हाथों पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



कल शाम नगरपालिका पांढुर्ना के एक विशेष दल ने तीन शेर चौक पर स्थित जय दुर्गा टी स्टॉल और जय मां काली पान की टपरी चालकों को नगरपालिका के बिजली कनेक्शन बिजली की चोरी करते रंगेहाथ धर दबोचा। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरपालिका को सूचना मिली कि तीन शेर चौक पर स्थित यह दोनों दुकानें नगरपालिका की बिजली से रोशन हो रही है।

इसके बाद शाम लगभग 7 बजे सीएमओ नीतिन बिजवे, सहायक यंत्री सोनू सिकरवार, उपंयत्री तेजसिंह गौतम, रवि सिरसाम तथा संजय नांदेकर ने दल बनाकर उक्त दोनों दुकानों पर धावा बोला। निरीक्षण के दौरान जय दुर्गा टी स्टॉल और जय मां काली द्वारा नगरपालिका के बिजली कनेक्शन से बिजली चोरी कर दुकानों में बिजली आपूर्ति किया जाना पाया गया।

अधिकारियों ने बताया कि इन दुकानों से नगरपालिका अंबेडकर पार्क सटा हुआ जिसमें पहले से ही नगरपालिका का बिजली मीटर लगा हुआ है। नपा के इस पार्क के बिजली कनेक्शन से उक्त दोनों दुकानदार बिजली चोरी कर रहे थे। नगरपालिका के दल ने मौके पर पंचनामा कारवाई कर दोनों दुकानदारों पर अलग अलग 1000 रू और 500 रू. जुर्माने की कारवाई की गई।

# परमिशन 15 टन की, हो रहा है 40 टन का अवैध परिवहन

### ओवरलोड परिवहन पर रोक लगाने प्रशासन से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



सौंसर ग्रामिण क्षेत्र में चल रहे अवैध उत्खनन एवं अवैध ओवर लोडिंग डम्परो पर कार्यवाही करने की मांग को लेकर युवक कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अल्केश बागडे के द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ में सौसर एसडीएम अंकित त्रिपाठी एवं पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए कार्रवाई करने की मांग की है।

ज्ञापन में श्री बागडे ने बताया कि सौंसर विकास खण्ड में तय सीमा से अवैध उत्खनन एव अवैध भंडारन हो रहा है। ओवर लोड डम्परो की परमिशन 15 टन की है। लेकिन 30 से 40 टन तक अवैध रूप से ओवर लोडिंग लेकर परिवहन किया जा रहा है। जिसके कारण ग्रामीण सड़के क्षतिग्रसत हो रही है।

ओवर लोडिंग पर तत्काल कार्यवाही की होनी चाहिए। अन्यया 15 दिनों के बाद आंदोलन किया जाएगा। चर्चा के दौरान जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अल्केश बागडे ने बताया कि कच्चीढाणा में संचालित होने वाली खदान से भी बड़े पैमाने पर ओवरलोड डंपरों के कारण कुड़ड़म,कच्चीढांना, कोपरावाडी सड़क क्षतिग्रस्त होती जा रही है। दमानी की और जाने वाली ग्रामीण सड़क भी ओवरलोड परिवहन के कारण धस रही है।

खदान से निकलने वाले औवर लोड डंपरों पर कार्रवाई की मांग लंबे समय से क्षेत्र वासियों एवं ग्रामीणों के द्वारा की जा रही है।परंतु प्रशासन में बैठे हुए अधिकारियों की लापरवाही के कारण ओवरलोड एवं अवैध रूप से हो रहा है। इस मार्ग पर चलने वाले अवैध परिवहन एवं ओवरलोड डंपरों पर कार्रवाई होनी चाहिये।

### नेता के भाई के ट्रक की रेत की फर्जी रॉयल्टी की अफवाह फैलाकर भूरा भगत मार्ग से कर रहा परिवहन

# देलाखारी पुलिस ने फिर पकड़ा रेत चोरी करते ट्रैक्टर, विभाग पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



देलाखारी चौकी क्षेत्र अंतर्गत, बहने वाली राजस्व एवं वन भूमि की नदियों से रेत का अवैध उत्खनन लगातार होता चला रहा है। देलाखारी पुलिस ने पिछले दिनों, कट्टा नदी से रेत भरते तीन ट्रैक्टर रेत के पकड़ कर चोरी का मामला दर्ज किया कर अपराध पंजीबद किया था। बावजूद इसके इस क्षेत्र से रेत की चोरी रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। जिसके समाचार लगातार हरिभूमि बे खौफ तरीके से प्रकाशित करता चला रहा है। रेत चोरी का समाचार पिछले दिन प्रकाशित किया गया था। जिस पर मंगलवार की रात देलाखारी, पुलिस ने, प्रतापगढ़ बादला की नदी से रेत भरते, जग्गा सूर्यवंशी के ट्रैक्टर को पकड़ा एवं उसके खिलाफ रेत चोरी का प्रकरण दर्ज कर, ट्रैक्टर को तामिया थाने में खड़ा किया। इस तरह पुलिस की ईस कार्यवाही से सिद्ध हो गया? कि देलाखारी चौकी क्षेत्र में रेत की चोरी, कार्यवाही के बाद भी हो रहीं हैं। सोना बन चुकी रेत चोर चोरी करने से बाज नहीं आ रहे है। वही इसी चौकी क्षेत्र के भाड़ी साल ढाना, नवरी टोला, निशान, बागई की नदियों से नेता के भाई के ट्रक रेत चोरी प्रतिदिन कर थाने के पीछे सीएम राईज स्कूल में लगातार बेचते चले आ रहे हैं। वही इन्होंने एक फर्जी तरीका भी अपनाया है। , उन्होंने कहीं से डुप्लीकेट रॉयल्टी हासिल की या स्वयं के कंप्यूटर से प्रिंट कर पुलिस को गुमराह कर रहा हैं। जबकि तामिया तहसील में, वर्ष 20 16 से आज तक कोई रेत खदान घोषित नहीं हुई? तो रॉयल्टी होने का प्रश्न ही नहीं उठता? जबकि ग्रामीणों के बतलाये अनुसार उल्लेखित इन क्षेत्रों से आने वाली रेत वन भूमि की नदियों से भी आ रही है। इसमें भाड़ी के नाकेदार की भूमिका भी संदिग्ध है। क्योंकि नाकेदार के संबंध सागौन तस्कर एवं रेत माफिया से मधुर है। वह भी गस्ती के दौरान ट्रैकों से आ रही रेत , फर्जी रॉयल्टी को सही साबित कर अधिकारियों को गुमराह कर रहे है। इस तरह फर्जी रॉयल्टी के नाम पर रेत का अवैध व्यवसाय भाजपा शासन काल में कांग्रेस नेता अधिकारियों की मिली भगत से रेत चोरी कर थाने के पीछे शान से सीएम राईज स्कूल ठेकेदार को बेचकर प्रतिदिन 5 डंपर रेत खाली कर औसतन 70000 रुपए की रेत का अवैध व्यवसाय, खुलेआम कर रहा है । यदि भूरा भगत मार्ग से आ रहे इन ट्रकों खकीऑन लाइन रॉयल्टी एवं उनके समय और रूट का मिलान करेंगे? तो फर्जी रॉयल्टी का मामला उजागर होगा? जबकि यह कार्यवाही खनिज विभाग को करनी चाहिए? लेकिन देलाखारी पुलिस, खनिज विभाग का काम कर शासन के हित में रेत चोरी रोकने का प्रयास कर रही है।

## 36 भवनों को चिन्हित कर दिया नोटिस

# घर में दुकानें बनाई तो लगेगा कमर्शियल टैक्स, नपा ने राजस्व बढ़ाने छेड़ा विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



कल नगरपालिका परिषद पांढुर्ना नीतिन बिजवे के मार्गदर्शन में नपा के राजस्व दल ने नागपुर रोड के ईर्द-गिर्द बने ऐसे मकान जिनके सामने के कमरों में दुकानें चल रही है तथा बिना नगरपालिका की अनुज्ञा के भवन निर्माण करा लिया है का निरीक्षण कर अपने व्यवसाय और निर्माण को वैध करा लेने की चेतावनी दी।

नगरपालिका की टीम को ऐसे अनेक मकान मिले जिन्होंने आवासीय भवन निर्माण अनुज्ञा ली है और अपने घरों के सामने के कमरों में स्वयं दुकानें संचालित कर रहे है या किसी और को व्यावसायिक उद्देश्य से कमरे किराए पर चढा दिए है। सीएमओ नीतिन बिजवे के अनुसार आवासीय प्रयोजन के लिए बनाए गए भवनों में दुकानें संचालित किया जाना अवैध है इसलिए लोग जितने स्थान का व्यवसाय या व्यापार के लिए कर रहे है उतने स्थान का कमर्शियल टैक्स लागू किया जाएगा। इसके सिवाय जिन लोंगों ने नगरपालिका से बिना कोई भवन निर्माण अनुंज्ञा लिए निर्माण करा लिए है उन्हें भी अनुज्ञा प्राप्त कर अपने निर्माण को वैध करा लेना चाहिए अन्यथा नगरपालिका द्वारा उचित कारवाई की जाएगी। नगरपालिका के अनुसार भवन मालिकों को ए.बी.पी.ए.एस. पोर्टल के माध्यम से कम्पाऊंडिंग प्रक्रिया के तहत भवन निर्माण अनुज्ञा हासिल करनी चाहिए और इसी के माध्यम से कमर्शियल टैक्स की गणणा भी स्पष्ट हो जाएगी। अभी केवल 36 भवनों को चिन्हित कर नोटिस दिया गया है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### एसपी ने अर्धरात्रि में किया चारों थानों का निरीक्षण

**पांढुर्ना :** कल अर्धरात्रि में जिला पुलिस अधिक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी ने पांढुर्ना जिले की सीमा में स्थित चारों पुलिस थानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी महोदय ने थानों में मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों को रात्रि गश्त चाक चौबंद एवं चुस्त दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। इस भ्रमण के दौरान गश्त पॉइंटों पर स्थित पुंलिस कर्मचारियों को अवैध गतिविधियों एवं फरार अपराधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अच्छी पुलिसिंग करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों का उत्साहवर्धन भी किया।



### ग्राम मोआदेई में देवी भागवत में प्रसाद का किया वितरण



**छिंदवाड़ा।** ग्राम मोआदेई में देवी भागवत का दूसरा दिन संपन्न हुआ साथी ही अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक श्री अंकुश शास्त्री महाराज के द्वारा मंगल मंडप पूजन मधु कैटभ उद्धार और संक्षिप्त महाभारत कथा का वर्णन किया गया एवं श्री श्री दया प्रसाद सूर्यवंशी की ओर से कथा के उपरांत नगर भोज कराया गया साथ ही मिठाई प्रसाद वितरण किया गया।

## श्रीमद् भागवत कथा एवं शिव विग्रह प्राण प्रतिष्ठा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

25 से 31 दिसंबर 2023 तक स्थान पुरानी पंचशील पार्क हनुमान मंदिर के सामने राखीकोल दमुआ मैं भव्य श्रीमद् भागवत कथा एवं शिव विग्रह प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें शांति दूत परम पूज्य श्री देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज के शिष्य परम पूज्य कथा व्यास श्री अनुग्रह सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में कथा का रसपान कराया जा रहा है ।दिनांक 25 दिसंबर दिन सोमवार को कलश यात्रा एवं मूर्ति स्थापना व श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ। दिनांक 26 दिसंबर दिन मंगलवार को परीक्षित कथा व शिव विवाह ।दिनांक 27 दिसंबर दिन बुधवार ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र एवं मूर्ति स्थापना। दिनांक 28 दिसंबर दिन गुरुवार रामचरित कृष्ण जन्मोत्सव। दिनांक 29 दिसंबर दिन शुक्रवार बाल लीला कृष्ण गोवर्धन पूजन ।दिनांक 30 दिसंबर दिन शनिवार कृष्ण रुक्मणी विवाह एवं दिनांक 31 दिसंबर दिन रविवार सुदामा चरित्र एवं कथा समाप्ति व हवन पूजन प्रसादी वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है ।जिसमें कथावाचक के रूप में श्री अनुग्रह सागर जी महाराज वृंदावन धाम दमुआ वाले एवं उनके समस्त सहयोगीगण आचार्य पंडित श्री नर्मदेश्वर पटेरिया वैदिक एवं श्री शेषाचार्य जी महाराज श्री वृंदावन धाम वाले ,विशालानंद जी महाराज श्री वृंदावन धाम वाले भी वृंदावन धाम से दमुआ राखीकोल में पधारे हुए हैं। आयोजक व मूर्ति स्थापना की सहसंयोजक श्रीमती श्यामकली पाटिल जी(यजमान) एवं समस्त नगरवासीजन राखिकोल सम्मिलित है।

## गुमशुदा भैंस की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

श्री रमेश बेल निवासी दमुआ नंबर 12,वार्ड नंबर 12 जोकि एक पशुपालक है जिन्होंने एक भैंस पाला है जिन्होंने दिनांक 17 दिसंबर 2023 को अपनी भैंस को चराने जंगल ले गए थे और भैंस को चराने के लिए जंगल में छोड़ आए थे जबकि प्रतिदिन रोजाना शाम के समय उनकी भैंस घर आ जाया करती थी किंतु दिनांक 17 दिसंबर को भैंस जब जंगल चरने गई तब से लेकर दिनांक 27 दिसंबर तक 11 दिनों से भैंस घर नहीं आई तो उन्हें ऐसा लगा कि मेरी भैंस को कोई व्यक्ति जंगल से हकाल कर ले गया होगा तब उनके द्वारा दिनांक 27 दिसंबर 2023 को पुलिस थाना दमुआ में उनके द्वारा भैंस घूमने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई जबकि पशुपालक के द्वारा भैंस को इधर-उधर भी खोजबीन कर पता लगा लिया गया है मगर आज दिनांक तक उनकी भैंस घर नहीं आई जबकि भैंस के गले में पहचान के रूप में पहचान के रूप में भैंस का रंग



काला, एक कान कटा हुआ एवं पूछ सफेद तथा गले में डिब्बो वाली घंटी बंधी हुई है। अतः जिस भी व्यक्ति विशेष को जानकारी मिले वहां तत्काल पुलिस थाना दमुआ में या हमारे निम्नलिखित मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकता है भैंस की जानकारी देने वाले को पशुपालक के द्वारा उचित इनाम दिया जाएगा ।

## वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



शक्ति ट्रस्ट द्वारा संचालित सन्त श्री आशारामजी गुरुकुल में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी वार्षिक उत्सव हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। गुरुकुल में अध्ययनरत देश के 24 राज्यों के अलावा विदेशों से आये पालकों ने कार्यक्रम में शिरकत की । विद्यार्थियों ने सनातन संस्कृति से जुड़े अनगिनत कार्यक्रमों की रंगारंग मनमोहक प्रस्तुति दी । कार्यक्रम को मंगलमय चैनल एव अन्य संचार के माध्यम से विश्व के 199 देशों के लोगों ने लाइव टेलीकास्ट देखा । प्राचार्या कु. प्रिया सिंह ने बताया कि प्रतिवर्ष गुरुकुल का शत प्रतिशत रिजल्ट और खेलकूद एवं कई अन्य प्रतियोगिताओं में बच्चों ने राष्ट्र से लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिले को गौरान्वित किया है । बाल मेला , शैक्षणिक प्रदर्शनी में , विज्ञान , समाजिक विज्ञान , बायो , कम्प्यूटर आदि की प्रदर्शनी को सबने सराहा। लायन्स क्लब द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण का शिविर भी सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी म.प्र. के चेयरमैन डॉ. गगन कोल्हे , चांद महाविद्यालय के प्राचार्य अमर सिंह आदि मौजूद रहे।

### हैंडपंप में खराबी आने से कम उगल रहा पानी

**दमुआ।** दमुआ माइनस वार्ड क्रमांक 8 मस्जिद के पास एक पानी का हैंड पंप लगा हुआ है जो की समस्त आसपास के रहवासी नागरिको एवं वार्ड वासियों को पानी की पूर्ति करता है मगर हाल ही में कुछ दिनों से न जाने हैंडपंप में क्या तकनीकी खराबी आ गई है जिसके कारण हैंडपंप पानी कम उगल रहा है नागररिकगण हैंडपंप चला चला कर थक गए हैं फिर भी पानी कम आ रहा है। वार्ड के नागरिक एवं रहवासियों ने नगर पालिका परिषद दमुआ से शीघ्र ही हैंड पंप की

## विधायक विवेक पटेल ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी देकर
# 10 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता बनी बोटेझरी



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत बोटेझरी में बीते 17 दिसंबर से प्रारंभ लैदर बॉल क्रिकेट स्पद्र्धा का समापन समारोह विधायक विवेक विक्की पटेल के मुख्य आतिथ्य में बुधवार 27 दिसंबर को किया गया। प्रतियोगिता का फाईनल मैच तुमाड़ी एवं मेजबान बोटेझरी के बीच खेला गया। जिसमें एक तरफा मैच में बोटेझरी ने 9 विकेट से जीत दर्ज कर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। विदित हो कि 17 दिसंबर से आयोजित इस क्रिकेट स्पर्धा में जिले भर की 45 टीमें शामिल हुई थी। स्पद्र्धा का फाइनल मैच मेजबान बोटेझरी और तुमाड़ी के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर बोटेझरी ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। जिसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी तुमाड़ी की टीम बोटेझरी के गेंदबाज नरेश भंडारी की घातक गेंदबाजी के सामने निर्धारित 7 ओवर में 7 विकेट खोकर मात्र 55 रन ही बना सकी। गेंदबाज नरेश भंडारी ने 1 ओवर में 5 विकेट हासिल किए। 55 रनों का पीछा करने उतरी बोटेझरी की टीम के बल्लेबाजों ने धमाकेदार शुरुआत की और एक विकेट खोकर 5 ओवर में ही 56 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली। बोटेझरी की ओर से एक ओवर में पांच विकेट लेने वाले नरेश भंडारी को मेन ऑफ द मैच चुना गया। विजेता टीम बोटेझरी ट्रॉफी और 21121 रूपये तथा उपविजेता ओम तुमाड़ी को 11111 रूपये व ट्राफी से मुख्य अतिथि विवेक पटेल व आयोजकों द्वारा सम्मानित किया गया। खिलाडिय़ों को संबोधित करते हुए विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि मैच वहीं जीतता हैं, जो आखिरी गेंद तक मैदान पर डटे रहता हैं। जब तक आखिरी गेंद नहीं फेंकी जाती हैं, हार-जीत नहीं होती हैं। क्रिकेट मैच खेलने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता हैं। तुमाड़ी की टीम ने बहुत अच्छा क्रिकेट खेली, एक समय ऐसा लग रहा था कि बहुत बड़ा स्कोर बनाएगी। मगर एक के बाद एक विकेट तुमाड़ी टीम के गिरते रहें, फिर भी वह अच्छा खेली। वैसे ही राजनीति में होता हैं, कभी-कभी हारने वाला भी जीत जाता हैं, कभी जीतने वाला भी हार जाता है।

## बड़े तालाब की बदलेगी तस्वीर..! तालाब के सीमांकन के लिए सीएमओ ने किया आवेदन
# विधायक ने अध्यक्ष के साथ बड़े तालाब का किया सर्वे

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



कटंगी शहर के बड़े तालाब के जीर्णोद्धार, सौन्दर्यीकरण के लिए नगर परिषद को राज्य शासन ने करीब 07 साल पहले 01 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है किन्तु इस राशि का अब तक उपयोग नहीं हो पाया है. जिसकी प्रमुख वजह तालाब का सीमाकंन में आने वाली अड़चन को बताया जाता रहा है. इस अड़चन को दुर करने का आग्रह नगर परिषद अध्यक्ष योगेन्द्र ठाकुर ने विधायक गौरव सिंह पारधी से किया था. अध्यक्ष को आग्रह को स्वीकार करते हुए गुरूवार को विधायक गौरव पारधी ने बड़े तालाब का जमीनी सर्वे किया. इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी रवि प्रकाश श्रीवास्तव, उपयंत्री राजेश चौकसे, लेखापाल अशोक दुबे सहित नगर की जनता मौजूद रही. विधायक ने पैदल ही तालाब की सीमा का निरीक्षण किया और मौजूदा स्थिति का अवलोकन करते हुए आवश्यक सुझाव दिए. उन्होंने नगर परिषद उपयंत्री द्वारा तैयार की गई परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) पर असंतोष जाहिर करते हुए पुनः नए सिरे से रिपोर्ट तैयार करने के लिए कहा ताकि बड़े तालाब को बेहतर स्वरूप दिया जा सकें. दरअसल, शहर के बड़े तालाब को रसूखदार अतिक्रमणकारियों ने घेर रखा है यह जनचर्चा काफी सालों से चल रही है. यहीं वजह है कि कभी कोई अधिकारी और जनप्रतिनिधि ने तालाब का सीमांकन करवाने की हिम्मत नहीं जुटाई और शासन से राशि मिलने के बाद भी अब तक तालाब में कार्य शुरू नहीं हो पाया. अब नगर परिषद अध्यक्ष योगेन्द्र ठाकुर हर हाल में तालाब का सौंदर्यीकरण करवाना चाहते है और तालाब के सीमांकन में आने वाले तमाम पेंचों को दूर करने के लिए वह विधायक से सहयोग ले रहे है।

उल्लेखनीय है कि नगर के बड़े तालाब को कैसे नया स्वरूप दिया जाए इसीलिए विधायक ने तालाब का सर्वे किया गया चूंकि तालाब का डीपीआर काफी पुराना है. उपयंत्री ने जो डीपीआर तैयार किया था उसमें तालाब के सामने कॉम्प्लेक्स बनाया जाना तय किया गया था इस पर विधायक ने सुझाव दिया कि तालाब का जीर्णोद्धार होने के बाद यह तालाब शहर की सुंदरता में चार चांद लगाने का काम करेगा. ऐसे में तालाब के सामने दुकानों का बनना ठीक नहीं है. उन्होंने कहा कि नगर परिषद अगर चाहे तो नया डीपीआर बनाकर जीर्णोद्धार करवाएं. दरअसल, तालाब के जीर्णोद्धार से पहले तालाब के सीमांकन की मांग काफी समय से की जा रही है. मछुआ समिति लगातार वर्ष 1915 के नक्शे के अनुसार तालाब को उसके अस्तित्व में लौटाने की मांग कर रही है जबकि नगर परिषद का कहना है कि जल संसाधन विभाग ने केवल 57 एकड़ ही तालाब की भूमि हस्तातांरित की है. नगर परिषद सीएमओ ने बकायदा तालाब के सीमांकन के लिए आवेदन कर दिया है अब यह देखना बेहद दिलचस्प होगा कि सीमांकन की कार्रवाई कब शुरू होती है और क्या वाकई में तालाब की भूमि पर रसूखदारों का अतिक्रमण है।

### इनका कहना है

शहर की प्रत्येक गंदगी को दूर किया जाएगा. शहर को सुंदर बनाने की हर संभव कोशिश की जाएगी तालाब का जीर्णोद्धार जरूरी है. तालाब को कैसे बेहतर रूप से विकसित किया जा सकता है इसलिए नपा की टीम के साथ सर्वे किया गया।

**गौरव सिंह पारधी, विधायक**

## राष्ट्रीय किसान दिवस पर सरदार पटेल विश्वविद्यालय में विधायक विक्की पटेल का किया गया सम्मान



### शासन से लडक़र शिक्षा और चिकित्सा में करवाएंगे काम-विधायक पटेल

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

वा रा सि व नी - खै र लां जी विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक विवेक ऊर्फ विक्की पटेल का बुधवार को सरदार पटेल विश्वविद्यालय डोंगरिया में भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जहाँ विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकों द्वारा विधायक श्री पटेल का आत्मीयता के साथ फूलमालाओं और पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के संचालक दिवाकर सिंग व स्टाफ ने विधायक श्री पटेल को मोमेंटो भेंट कर उनका सम्मान किया।

समारोह में सरदार पटेल विश्वविद्यालय के प्राचार्य दिवाकर सिंग, डॉक्टर उपलव पाल सिंग, वीरेश्वर सिंग, जे एस हरिनखेड़े, नोनीत सातनकर, स्वाति जायसवाल, संतोष बाहेश्वर, संजय वैद्य, अभिषेक ठाकरे, राजेश शास्त्री, अजय बिसेन, सुदेश गुड्डु सोनी, राजा अली, सुनील राणा सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

## मेक इन इंडिया ने देश में औद्योगिक विकास के मार्ग को प्रशस्त किया : सांसद ढालसिंह बिसेन
# लांजी के बिसोनी पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा, ग्रामीणों को योजनाओं की दी जानकारी




**हरिभूमि न्यूज लांजी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत गुरूवार को जिले के लांजी विकासखंड के ग्राम बिसोनी में यात्रा पहुंची। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद ढालसिंह बिसेन ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य गांव, कस्बे तक पहुंचकर सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर लाभान्वित करना है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है, सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास से देश आगे बढ़ रहा है। सरकार की योजनाओं से जीवन स्तर में बदलाव आ रहा है लाडली बहना योजना के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। जल जीवन मिशन के माध्यम से हर-घर तक नल के माध्यम से जल पहुंच रहा है। कौशल विकास से युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, ग्रामीण जनों, किसानों, स्व-सहायता समूहों की महिलाओं, शालाओं के छात्र-छात्राओं आदि ने सहभागिता की । कार्यक्रम में स्वागत, प्रधानमंत्री का रिकार्डेड संदेश, विकसित भारत संकल्प, वीडियो का प्रसारण, मेरी कहानी मेरी जुबानी, सतत कृषि गतिविधियाँ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, ऑनस्पाट क्विज, पुरुस्कार वितरण आदि के साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर शत-प्रतिशत पूर्ण योजनाओं का उत्सव मनाया गया । कार्यक्रमों में आधार सीडिंग, आयुष्मान कार्ड, वन भूमियों के पट्टे, कृषकों को वैकल्पिक ऊर्जा, ड्रोन व नैनो उर्वरक, राजस्व के नामांतरण व बंटवारा प्रकरण, बैंकिंग व बीमा संबंधी सुविधाओं, पेंशन आदि से लाभान्वित किया गया ।

विकसित भारत यात्रा के दौरान कार्यक्रम में पहुंचे सांसद ढालसिंह बिसेन ने ग्राम पंचायत बिसोनी के ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पीएम विश्वकर्मा योजना 2023 के लाभ बताते हुए कहा की इस योजना के तहत ट्रेनिंग पाने वाले कारीगरों को वित्तीय सहायता प्रदान करने का प्रावधान है। इस योजना के तहत लोगों को 500 रुपये का दैनिक भत्ता देने का प्रावधान है। साथ हीए 5 दिनों तक कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। टूलकिट प्रोत्साहन के रूप में 15,000 रुपये का अनुदान देने की सुविधा है। इसलिये अधिक से अधिक ग्रामीण इस योजना का लाभ लें।

इस अवसर पर विधायक राजकुमार कर्राहे ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजना अंतिम छोर तक पहुंच रही है विकसित भारत यात्रा, 2047 के सपनों को पूरा करने के लिए है। प्रधानमंत्री आवास योजनाओं के माध्यम से हर व्यक्ति को छत मिल रही है जिससे उनके जीवन स्तर में बदलाव आया है। उज्वला योजना के माध्यम से पर्यावरण को बचाने मदद मिली है। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा निश्चय कीट का वितरण किया गया और महिला बाल विकास विभाग के द्वारा आंगनबाड़ी के बच्चों को खिलौने भी दिए गए।

## पेड़ से टकराई बाइक, चालक की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम सिरपुर-लखनवाड़ा के बीच रास्ते में हनुमान मंदिर के पास बुधवार की देर शाम करीब 8 से 9 बजे के बीच तेज रफ्तार बाइक पेड़ से जा टकराई. इस हादसे में बाइक चालक की दर्दनाक मौत हो गई. गुरुवार की सुबह ग्रामीणों के द्वारा मृतक का शव नाली में देखा गया. जिसके बाद ग्रामीणों ने लखनवाड़ा सरपंच को सूचना दी और सरपंच ने पुलिस को सूचना दी गई तब पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई की और शव बरामद करने के बाद शव का पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है. वहीं पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. मिली जानकारी अनुसार कोसमी निवासी नरेन्द्र पिता सुखचंद ठाकरे मिस्त्री काम करने के लिए प्रतिदिन वारासिवनी जाया करता था जो बुधवार को भी वारासिवनी गया था और शाम को अपने घर कोसमी की तरफ लौट रहा था इस दौरान सिरपुर से लखनवाड़ा के बीच मोड़ाई पर सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया



जिससे उसकी मौत हो गई. संभवत शराब का सेवन कर वाहन चलाने की वजह से हादसा होने का अनुमान लगाया जा रहा है. बताया जा रहा है कि नरेन्द्र जब बुधवार को देर शाम तक घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की थी लेकिन देर रात तक कहीं पता नहीं चला वहीं गुरुवार की सुबह उसका शव ग्रामीणों के द्वारा नाली में गिरा हुआ देखा गया और पुलिस को सूचना दी गई तब पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की।

# कलेक्टर के आदेशों की धज्जियां उड़ाती सिमरिया कृषि उपज मंडी

## कृषि उपज में किसानों के लिए नही है पर्याप्त सुविधाएं

चर्चाओं में बनी कृषि मंडी सिमरिया के हाल सुधारने के नाम नहीं ले रहे मौसम के साफ होने के बाद किसानों की आवक तो बड़ी आला अधिकारियों के द्वारा किसानों के हित में कुछ नहीं किया जा रहा यहां पर किसान आता तो है लेकर सुविधा विहीन इस मंडी पर उसे कुछ नहीं मिल पाता है कैंटीन सिर्फ देखने की है किसानों को चाय नाश्ता खाने की व्यवस्था नहीं हो पाती है जबकि स्पष्ट निर्देश है कि किसानों के लिए समुचित व्यवस्था की जाए लेकिन आला अधिकारी के द्वारा किसी भी प्रकार की सुविधा किसानों के हित में नहीं दी जा रही है

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जिले की कृषि उपज मंडियों में किसानों के लिए पर्याप्त सुविधाएं की होने का दावा तो किया जा रहा है, लेकिन वास्तविकता कुछ ओर ही है। जिले की कुछ मंडियों में ना तो किसानों के खाने के लिए कैंटीन चालू है और ना ही पेयजल की उचित व्यवस्था है। मुख्यालय से सात किलोमीटर दूर स्थित कृषि मंडी में ही कई सालों से कैंटीन बंद है। आसपास कोई अन्य साधन भी नहीं हैं। इससे यहां आने वाले किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। जिले की अन्य मंडियों के भी यही हाल है। मंडी में आउटसोर्स माध्यम से परिसर में ही नाश्ते व खाने की व्यवस्था करवाने के लिए कैंटीन का संचालन अनिवार्य रूप से करवाना है। वहीं कृषि मंडी सिमरिया में एक दशक पूर्व किसानों के लिए पानी उपलब्ध कराने तीन टंकी का



शुभारंभ किया गया था। वर्तमान में यह टकिया बर्बाद हो गई हैं, इनमें से एक टंकी तो जर्जर होकर घराशायी हो गई है। हालांकि मंडी प्रशासन ने किसानों को शुद्ध पानी उपलब्ध कराने के लिए आरो लगवाए है, उपज मंडी में वर्षों से कैंटीन बंद पड़ी है। हालात यह है कि कैंटीन का भवन खरपतवार के बीच जर्जर होते जा रहा है। ऐसे में किसानों को चाय-नास्ता व भोजन की व्यवस्था के लिए परेशान होना पड़ रहा है। शुरूआती दौर में मंडी की कैंटीन शुरू हुई थी। इसमें किसानों व हमालों को उचित दर पर भोजन मिलता था। कुछ समय तक चलने के बाद कैंटीन बंद हो गई, इसके बाद से कैंटीन का संचालन शुरू नहीं हो सका।

सिमरिया कृषि उपज मंडी समेत जिले की अन्य मंडियों में मौसम साफ होने के बाद बड़ी संख्या में किसान मक्का लेकर मंडी पहुंच रहे है। मंडी में सुविधाएं नहीं होने के कारण उन्हे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिले की पलारी कृषि उपज मंडी में पानी की व्यवस्था बनाने के लिए टंकी का निर्माण होना है लेकिन यह अधूरा पड़ा हुआ है। क्षेत्र के किसानों ने बताया है कि टंकी निर्माण के लिए एक साल पहले गड्ढे खोदे गए थे। करीब चार से पांच फीट गहरे गड्ढे करने के बाद से काम बंद है।



पुलिस ने जप्त किया गांजा

# गांजा तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे:आरोपियो से आठ किलो गांजा एवं दो मोबाईल सहित दो मोटर सायकल जप्त

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार श्रीवास्तव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरुदत्त शर्मा, के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी के मार्गदर्शन में अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्करो पर कार्यवाही करने हेतु सतत मर्गदर्शन प्राप्त हो रहा था जो थाना कोतवाली प्रभारी द्वारा थाना स्तर पर टीम गठित कर मुखबिर लगाकर गांजा तस्करो एवं बेचने वालो के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया । दिनांक 27/12/23 को विश्वसनीय मुखबिर सूचना प्राप्त हुई थी कि दो अलग-अलग रास्तो से गांजा तस्करी होने वाली है जो थाना प्रभारी द्वारा थाना स्तर पर टीम गठित कर वरिष्ठ अधिकारियो को सूचना से अवगत कराकर कि पलारी तरफ से मरझोर रोड सिवनी गांजा तस्करी होने वाली है जो बताये मुखबिर के अनुसार बाईक पर आ रहा व्यक्ति को रोककर घेराबंदी कर विधिवत तलासी लेने पर अवैध मादक पदार्थ गांजा तीन किलो राजा बघेल से मिला जिसकी विधिवत कार्यवाही की गई।

### जोडाफुल के पास धराये गांजा तस्कर

इसी तारतम्य में मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि नागपुर रोड से सिवनी भी गांजा आने वाला है जो बताये मुखबिर के हुलिये अनुसार नागपुर रोड थोक सब्जी मंडी के आगे जोडा फुल के पास एक पल्सर बाईक से आ रहे दो व्यक्तियो को रोका जिनका विधिवत तलासी लेने पर अवैध मादक पदार्थ गांजा पांच किलो अजय उर्फ अज्जू कोष्ठा एवं अंकित मिश्रा से मिला जिसकी विधिवत कार्यवाही की गई । क्रमांक - 1104/23 धारा 8/20 एनडीपीएसएक्ट अपराध नाम आरोपी राजा बघेल पिता रघुनाथ बघेल उम्र 47 साल निवासी ग्राम पलारी थाना लखनवाडा,आठ किलो गांजा एक पेशन मोटर सायकिल एवं मोबाईल फोन , अपराध क्रमांक नाम आरोपी- (कुल मशरूका एक लाख पचास हजार) - 1106/23 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट (01) अजय उर्फ अज्जू पिता रमेश कोष्ठा उम्र 22 साल निवासी आजाद वार्ड सिवनी (02) अंकित पिता मायाराम मिश्रा उम्र 26 साल निवासी कवाडे के पीछे टपरा मोहल्ल भगतसिह वार्ड सिवनी । 05 किलो गांजा एक पल्सर मोटर सायकल एवं मोबाईल फोन जप्ती - कार्य (कुल मशरूका एक लाख पचहत्तर हजार) - निरीक्षक सतीश तिवारी,उनि राहुल काकोडिया, सउनि विश्वरंजन रघुवंशी, प्र. आर सराहनीय हत्या, प्र. आर. आत्माराम सोनियार लहर नितेश राजपूत, आर, अमित रघुवंशी, आर. सभी इमारतीमाभिवेक टहरिया, महेन्द्र पटेतशिवम बोल इरफान खान, सिध्दार्थ दुबे मनोज हरिनखेडे, अरवि मंडराह, अंकित देशमुख रहे।



# जल शक्ति अभियान केन्द्रीय दल ने जल संरक्षण को लेकर किए गए कार्यों का अवलोकन किया, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जल शक्ति अभियान केन्द्रीय दल के जिले के तीन दिवसीय प्रवास के अंतिम दिवस गुरूवार 28 दिसम्बर 23 को दल के ज्वाईंट सेकेटरी संस्कृति मंत्रालय भारत शासन नई दिल्ली श्री गुरूमीत सिंह चावला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत सिवनी श्री पवार नवजीवन विजय सहित अन्य संबंधित विभागाधिकारियों की उपस्थिति रही। बैठक में जल शक्ति अभियान केन्द्रीय दल द्वारा जिला पंचायत, वन विभाग, पीएचई, जल संसाधन विभाग यांत्रिकी विभाग, कृषि विभाग एवं जल जीवन मिशन टीम द्वारा जल संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर किए गए विभिन्न कार्यों के निरीक्षण उपरांत आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। अपने तीन दिवसीय प्रवास के दौरान दल द्वारा बबरिया तालाब, मठ तालाब, बुधवारी तालाब, भीमगढ़ जलाशय, ग्राम सुआखेड़ा स्थित फिल्टर प्लांट, कोड़ियामाल स्टॉप डेम, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों में बने अमृत सरोवरों एवं प्लांटेशन कार्यों का अवलोकन किया गया।

ज्वाईंट सेक्रेटरी श्री चावला ने जल संवर्धन को लेकर विभिन्न विभागों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने वर्षा जल का तालाबों के माध्यम से उचित प्रबंधन कर स्टोर करने एवं जल का सिंचाई एवं अन्य कार्यों में उपयोग करने की बात कही। इसी तरह सभी अमृत सरोवरों के आस-पास वृक्षारोपण करने, लॉन लगाने, सौंदर्यीकरण करने, साफ-सफाई एवं सम्पूर्ण सरोवर क्षेत्र को फेंसिंग कर सुरक्षित रखने के निर्देश दिए।

# वन विभाग के संयुक्त दल ने अवैध कटाई अंतर्राज्यीय गिरोह को पकड़ा

**शिवनी जिला स्थित वन क्षेत्रों में लगी इमारती लकडी को काटने के लिए पिछले कई महीनों से गिरोह सक्रिय था। वन विभाग के संयुक्त दल ने गिरोह के सात लोगों को पकडा है। यह गिरोह अंतरराज्यीय है जिसके द्वारा जिले के वन विभाग के साथ-साथ अन्य प्रदेशों के अलग-अलग वन क्षेत्रों में इमारती लकडी काट कर चोरी करने का कार्य करते हैं।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



जिनसे विभागीय अमला पूछताछ कर रहा है। दक्षिण सामान्य वनमंडल के वनमंडलाधिकारी सुदेश महिवाल ने जर्नलिस्ट जितेंद्र सिंह को जानकारी देते हुए बताया कि पिछले कुछ समय से दक्षिण सिवनी सामान्य वनमण्डल एवं पेंच टाईगर रिजर्व के वनक्षेत्रों में अवैध कटाई की घटनायें सामने आई थी। जिसके तारतम्य में वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में संयुक्त टीम बनाकर कार्यवाही की जा रही थी। इसी तारतम्य में बुधवार 27 दिसंबर 23 को बरघाट परिक्षेत्र की पखारा बीट के वन कक्ष क्रमांक 138 में अवैध कटाई करने के दौरान आयशर ट्रक क्र. M.P. 28 C 9111 चार अपराधियों सहित बोलेरो वाहन क्र. एम.पी.M.P. 50 T 0744 ड्राईवर सहित तथा अर्टिगा वाहन क्र.एम.पी.M.P. 30 C 6976 (दो व्यक्तियों सहित) को जब्त किया गया। पूछताछ के दौरान अन्य व्यक्तियों के नाम भी सामने आ रहे है तथा इन्ही के द्वारा अन्य जगहों पर वन अपराध किया जाना पाया जा रहा है। प्रथम दृष्टया अंतर्राज्यीय गिरोह की संलिप्तता प्रतीत होती है। अभी तक आरोपियों से पूछताछ की जा रही है, जिसके आधार पर अपराध की विवेचना कार्यवाही जारी है। उपरोक्त कार्यवाही मुख्य वनसंरक्षक शिवनी के मार्गदर्शन में वनमण्डल अधिकारी सुदेश महिवाल, उपसंचालक रजनीश सिंह के नेतृत्व में उपवनमण्डल अधिकारी योगेशकुमार पटेल तथा आशीष पाण्डे (उपवनमण्डल अधिकारी), पीयूष गौतम, ब्रजेश पाण्डे, शुभम बड़ौनिया, भूपेश चौरसिया,(वनक्षेत्रपाल) कृष्णकुमार चौरसिया प्रभारी उपवनक्षेत्रपाल आमागढ़ एवं चारों परिक्षेत्र बरघाट, शिवनी, रुखड़ बफर, घाटकोहका बफर के वन अमले द्वारा की गई।

### बबरिया तालाब में मिली महिला की लाश

जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम मानेगांव के समीप स्थित बबरिया तालाब में बुधवार की दोपहर एक 35 वर्षीय महिला का शव पाया गया। पुलिस द्वारा घटना में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। डूंडा सिवनी थाना प्रभारी अर्पित भैरम से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर बबरिया तालाब में एक महिला का शव होने की सूचना मिली। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची जहां शव को बाहर निकलवाया गया। मृत महिला की शिनाख्त अकबर वार्ड निवासी सगारिका ठाकुर पति आकाश ठाकुर 35 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा महिला की शव की पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्डम कराये जाने के उपरांत शव परिजनो को सौंप दिया गया।

# पंचायत उप निर्वाचन कार्यों के लिए सेक्टर अधिकारी नियुक्त

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पंचायत उप निर्वाचन वर्ष- 2023 कार्यों के निष्पादन हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिवनी ने जनपद पंचायत सिवनी की ग्राम पंचायत बखारी, चारगांव समनापुरमाल जमुनिया सागर एवं ओरिया रैयत के लिए श्री प्रफुल्ल घोडेश्वार, सहायक संचालक, कार्यालय उपसंचालक कृषि सिवनी को सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया है। इसी तरह ग्राम पंचायत चंदौरीकला, छिंदग्वार, मनौरी, हिनोतिया, मारवोडी एवं जैतपुर के लिए श्री महेन्द्र धार्णे उपयंत्री लोक निर्माण विभाग विद्युत सेक्शन सिवनी, ग्राम पंचायत ढुकली, बांकी, जुरतरा, बिहिरीया के लिए श्री आशीष नोएल, प्रबंधक, कार्यालय जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र सिवनी, ग्राम पंचायत मुंगवानी खुर्द, भाटीवाडा, कमकासुर, जैतपुरकला, संगई, पुसेरा के लिए श्री अजीज खान, उपयंत्री लोक निर्माण विद्युत सेक्सन, ग्राम पंचायत जाम, कन्हरगांव, भाटीवाडा, हथनापुर, पिपरिया, मडवा के लिए श्रीमति दिप्ती बहोरे उपयंत्री लोक निर्माण विभाग सेक्सन सिवनी, ग्राम पंचायत उमरिया के लिए श्री शशांक शेखर सिंह ठाकुर परियोजना अधिकारी कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना ग्रामीण- 2 सिवनी एवं ग्राम पंचायत तिघरा , कोठिया ,दिघोरी ,भोंगाखेडा , गरठिया, नरेला के लिए श्री अभिषेक प्रधान प्रबंधक जल निगम सिवनी को सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया है।

# रोमांचकारी मैचों से हुआ लीग मैचों का सपापन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 10 वेटरन टीमें पहुंची नाकआउट में सिवनी प्रीमियम लीग **SPL** के पांचवें दिन क्रिकेट प्रेमीयो ने **SPL** ग्राउंड मिशन स्कूल में क्रिकेट मैचों का भरपूर मनोरंजन लिया वेटरन वर्ग के लीग पूल के आखिरी दिन संघर्षपूर्ण मैचों में बॉयज क्लब **GSC** क्लब और ग्रीन सिटी क्लब ने अपने अपने मैच जीते.... आज **SPL** ग्राउंड में आयोजन के संयोजक क़ाबिज़ खान,संरक्षक अभिषेक दुबे योगेश राजपूत जुएंब खान जीशान खान ने टास कराकर 6 मैचों में खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया और मैचों का शुभारंभ किया।। सिवनी प्रीमियर लीग के उपाध्यक्ष अभिषेक दुबे ने विज्ञप्ति जारी करके जानकारी दी की 23 दिसंबर से शुरू होने वाली सिवनी प्रीमियर लीग प्रतियोगिता अपने पूरे चरम पर है। प्रतिदिन क्रिकेट प्रेमी दर्शकों की संख्या **Spl** ग्राउंड मिशन स्कूल में बढ़ती जा रही है। **SPL** आयोजन समिति के टेक्निकल टीम और ग्राउंड टीम सभी मैचों को सुचारू रूप से संचालित कर रही है।आपने बताया कि इस व्यवस्थित टूर्नामेंट में पिछले 5 दिन से लगातार सुबह 8 बजे से प्रतियोगिता शुरू कर दी जाती है और प्रतिदिन 6 मैच होते



हैं। आयोजन समिति के संयोजक अब्दुल काबिज खान ने जानकारी देते हुए बताया कि वेटरन वर्ग के लीग मैच जो पिछले 5 दिनो से जारी थे आज समाप्त हो गए हैं। 10 टीम लीग से क्वालीफाई करके नॉकआउट में प्रवेश किया है।वही 28 दिसंबर से ओपन के लीग मैच प्रारंभ कराए जाएंगे यह मैच सुबह 7:30 बजे से प्रारंभ होकर शाम तक 6मैच कराने का प्रयास है।जिसके लिए टेक्निकल टीम पूरी तरह से तैयार है। आयोजन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर ने बताया कि आज का पहला मुकाबला ऐजे11 और नाइट राइडर बी के मध्य खेला गया जिसमें टॉस जीतकर नाइट राइडर ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया पहले बल्लेबाजी करते हुए एजे11 ने10 ओवर में 140 रन बनाए एजे11 की ओर से मणि ने 44 उनके साथ देते हुए अड्डू मां साहब ने 42 चरणों की बड़ी खली लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिवनी नाइट राइडर 44 रनों से यह मुकाबला हार गई नाइट राइडर की ओर से अकरम ने 44 रनों की पारी खेली इस मैच के मैन ऑफ द मैच मन्नी रहे आज का दूसरा मुकाबला गजानन और सिटी बॉयज के मध्य खेला गया जिसमें तो जीत कर सिटी बॉयस ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया पहले बल्लेबाजी करते हुए गजानंद ने 119 रन बनाए गजानंद की ओर से पुष्पराज ने 32 रनों की बड़ी खली वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिटी बॉयज मुकाबले मात्र एक रन से हारी सिटी वॉइस की ओर से अच्छी बल्लेबाजी करते हुए सैफू ने 50 रन की पारी के लिए उनके साथ देते हुए दिलीप ने 35 रनों की बड़ी खेली इस मैच के मैन ऑफ द मैच पुष्पराज रहे आज का तीसरा मुकाबला बॉयज क्लब और राजपूताना के मध्य खेला गया

# निलंबित मामले पर पुलिस जांच में जुटी

**सिवनी।** अनुविभागीय अधिकारी अपर बैनगंगा बांध उप संभाग क्रमांक 3 में अमीन के पद पर पदस्थ उमेश शर्मा की लापरवाही के कारण विभाग को लगभग साढे चार लाख रुपया का नुकसान हुआ जिसके बाद एसडीओ बी एस चौधरी ने छपारा थाने में आवेदन दिया जिसके बाद लापरवाह अमीन उमेश शर्मा के विरुद्ध थाने में धारा 409 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। अपर बैनगंगा बाँध उप संभाग क्रमांक 3 भीमगढ़ में अमीन के पद पर पदस्थ उमेश शर्मा को 25 अक्टूबर को निलंबित किया गया था। उन्हें यह भी आदेशित किया गया था कि निलंबन के बाद वह अपना कार्यभार रामकुमार डेहरिया को सौंपेंगे लेकिन उमेश शर्मा ने वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश को हवा में उड़ा दिया। बताया जाता है कि निलंबित अमीन ने अपना कार्यभार रामकुमार डेहरिया को नहीं सौपा जिसके कारण शासन को डूब क्षेत्र के किसानों को पट्टे वितरण नहीं हो पाए इसके अलावा एम आर टी सी 6 से राशि वसूल नही हो पाई। शासकीय दस्तावेजों का हस्तांतरण नही हो पाया जिससे शासन को लगभग साढे चार लाख रुपया का नुकसान हुआ। छपारा थाना प्रभारी सौरभ पटेल ने बताया कि सिंचाई विभाग के एसडीओ द्वारा अमीन उमेश शर्मा की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। धारा 409 के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया है।

## अमृत भारत योजना में शामिल सिवनी रेलवे स्टेशन

# जिले में हो रहा सर्वसुविधा युक्त मॉडल रेलवे स्टेशन का निर्माण

**फोर्ड ब्राडगेज का कार्य पूर्ण होने के बाद इस रूट में पैसेंजर ट्रेनों के साथ ही एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन प्रारंभ हो गया है, जिससे जिले के यात्रियों को महानगरों की सस्ती और शुलभ यात्रा करने में भारी मदद मिल रही है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।




इसी के साथ ही भारत सरकार की मंशा अनुरूप रेलवे स्टेशनों में यात्रियों को बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अमृत भारत योजना के तहत मॉडल स्टेशनों का निर्माण चल रहा है। उल्लेखनी होगा कि केन्द्र सरकार के द्वारा अमृत भारत योजना के तहत नवीन एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन किये जाने के साथ ही रेलवे स्टेशनों को मॉडल रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। मॉडल रेलवे स्टेशनों के रूप में विकसित किये जाने वाले रेलवे स्टेशनों की सूची में सिवनी रेलवे स्टेशन भी शामिल है। छिंदवाड़ा- सिवनी-नैनपुर के मध्य अमान परिवर्तन के बाद अप्रैल 2023 से इस रूट पर ट्रेनों का परिचालन प्रारंभ किया गया है। का संचालन हो रहा है, तो वहीं रीवा इतवारी एक्सप्रेस, शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस ट्रेन का भी संचालन नैनपुर, सिवनी, छिंदवाड़ा होते हुए नागपुर तक किया जा रहा है। तो वहीं पतालकोट एक्सप्रेस ट्रेन सिवनी से संचालित हो रही है। इसके अलावा पेंचवेली एक्सप्रेस सिवनी तक का सफर कर रही है। इस तरह से पैसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन इस रूट से हो रहा है साथ ही मालगाडियों का परिचालन में जारी है।

वर्तमान समय में जहां छिंदवाड़ा-सिवनी-नैनपुर के मध्य पैसेंजर ट्रेनों से सिवनी रेलवे स्टेशन को मॉडल गल रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित अ करने के लिए इसे अमृत भारत बी योजना में शामिल किया गया है, बैन जिसके तहत वर्तमान में सिवनी रेलवे स्टेशन में निर्माण कार्य जारी है। रेलवे स्टेशन में विशाल ईमारत का निर्माण किया जा रहा है जिसमें टिकट काउंटर से लेकर केंटीन, क शुलभ शौचालय और यात्रियों के चिच ठहरने के लिए कक्षों का भी निर्माण अ हो रहा है। जिससे रेलवे स्टेशन में ही प्रि यात्रियों सभी सुविधाएं उपलब्ध हो दि सके।

# "विकसित भारत संकल्प यात्रा" शिविर के दौरान योजनाओं के लाभ से छूटे पात्र हितग्राहियों को किया जा रहा है लाभांवित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

केन्द्र एवं प्रदेश शासन द्वारा शतप्रतिशत लक्षित लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से लाभांवित करने के उद्देश्य से 26 जनवरी 2024 तक सम्पूर्ण प्रदेश में चलने वाली "विकसित भारत संकल्प यात्रा" प्रचार रथ के माध्यम से नगरीय एवं ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन कर आमजनों को विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी प्रदाय कर मौकास्थल पर योजनाओं से लाभांवित किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा" सम्पूर्ण प्रदेश के साथ ही जिले में भी ग्रामवार-वार्डवार संचालित है। गुरूवार 28 दिसम्बर 23 को विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत बरघाट विकासखण्ड की ग्राम पंचायत जेवनारा, जावरकाठी, छपारा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बिहीरिया एवं प्रातापगढ, धनौरा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत साजपानी एवं पिपरिया बसूडा, घंसौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मुंडापार एवं अनकवाडा, केवलारी की ग्राम पंचायत ढुटेरा (उगली) एवं घूरवाडा, कुरई विकासखण्ड की ग्राम पंचायत चक्कीखमरिया एवं खांकरा, लखनादौन की ग्राम पंचायत चूलगांव एवं डाला तथा सिवनी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत कंडीपार, बींझावाड़ा, एवं कान्हींवाडा पहुंची। "विकसित भारत संकल्प यात्रा" के दौरान यात्रा में शामिल प्रचार वाहनों द्वारा एलईडी वाल के माध्यम से ग्रामीणों को कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम स्थल पर संबंधित विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया तथा पात्र हितग्राहियों को मौंके में लाभांवित करने की कार्यवाही भी की गई।

### आज यहां पहुंचेंगे प्रचार रथ

29 दिसम्बर 23 को विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत बरघाट विकासखण्ड की ग्राम पंचायत कोसमी, साल्हे, छपारा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बिलकटा एवं अंजनिया, धनौरा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बम्होडी एवं कुडडो घंसौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सर्रा एवं कुदवारी, केवलारी की ग्राम पंचायत चिखली एवं सरण्डी, कुरई विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सिल्लोर एवं सारसडोल, लखनादौन की ग्राम पंचायत गंगई एवं करनपुर तथा सिवनी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत कटिया, बिठली, कामता एवं कोहका पहुंचेगी।

### उपार्जन संबंधी अनियमितताओं पर, देर रात निगरानी पर निकला अमला

# सूचना की जांच कर धान चोरी पकड़ी!





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में धान उपार्जन सम्बन्धी सूचना के आधार पर जांच कर धान चोरी का खुलासा किया गया है। खाद्य निरीक्षक श्री सुनील किरार ने बताया कि बुधवार देर शाम को धान परिवहन में चोरी की सूचना सामने आयी थी। सूचना के आधार पर एसडीएम वारासिवनी सुश्री कामिनी ठाकुर के नेतृत्व में राजस्व, खाद्य और मंडी अमले ने मौका स्थल पर पहुँच कर जाँच की। जांच में पाया गया कि विपणन संघ बालाघाट से अनुबंधित परिवहनकर्ता कामाख्या इंटरप्राइजेज द्वारा वारासिवनी सेक्टर एवं मेसर्स राजेश अग्रवाल द्वारा सेक्टर किरनापुर, लांजी का शासकीय धान परिवहन का कार्य किया जाता है। परिवहनकर्ताओं द्वारा शासकीय धान के परिवहन में अनियमितता पायी गई। मौके पर प्रकरण तैयार किया गया। इस जांच के बाद 14 बोरी धान को उपार्जन केंद्र प्रभारी खापा की अभिरक्षा में दिया गया।

### परिवहन के दौरान सड़क के किनारे फेंक जाते थे

जांच के दौरान सूचना के आधार पर दल ने मौके पर सड़क के किनारे झाड़ियो एवं खेतो में खरीफ उपार्जन वर्ष 2023- 24 के स्टेंसिल लगे धान से भरे बारदाने पाये। बारदानो में नीले रंग के धागे से सिलाई एवं उपार्जन केन्द्रों की पर्चिया लगी पायी गयी, जिसमे 2 बोरिया उपार्जन केंद्र बोरगांव किन्ही (किरनापुर), 6 बोरिया उपार्जन केंद्र गर्रा (वारासिवनी), 6 बोरिया उपार्जन केंद्र मिरिया (लांजी) की पायी गयी। मौके पर उपार्जन केन्द्रों से संपर्क करने पर पाया गया कि उपार्जन केन्द्र बोरगांव ( किन्ही ), मिरिया, गर्रा की धान परिवहन की मैपिंग खापा कैप से की गयी थी। उपार्जन केन्द्रों से धान लोड कर ट्रक खापा कैप गये थे।

### इसी तरह यहां भी ऐसे ही काम पाया गया

बोरगांव, किन्ही व गर्रा की तरह ही ठीक ऐसा ही मामला मेहंदीवाडा स्थित लक्ष्मी राइस उद्योग की जांच पर पाया गया जिसमें राइस मिल के परिसर में खाली धान के लगभग 175 बारदाने रखे पाये गये। मौके पर बारदानो की जांच करने पर खाली बारदानो में खरीफ उपार्जन वर्ष 2023-24 के स्टेंसिल लगे, नीले रंग के धागे की सिलाई के अवशेष एवं उपार्जन केन्द्र बहेगाँव (लालबर्रा) की पर्चिया लगी पायी गयी। जांच में पाया गया कि लक्ष्मी राइस उद्योग के द्वारा कस्टम राइस मिलिंग हेतु खरीफ उपार्जन वर्ष 2023-24 में उपार्जन केंद्र पिंडकेपार एवं झालीवाडा की धान का उठाव कर मिलिंग करने के लिए विपणन संघ बालाघाट से अनुबंध किया गया था। जिसके अनुसार मिलिंग कर चावल जमा कर दिया गया है, मौके पर लक्ष्मी राइस उद्योग संचालक से उपार्जन केन्द्र बहेगाँव (लालबर्रा) की पर्चियॉ व खाली बारदानो के संबंध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा कोई भी संतोषजनक जवाब नही दिया गया। मौके पर बारदानो को अभिरक्षा में लेकर प्रकरण तैयार किया गया।

वहीं उपार्जन केंद्र बिनोरा, किरनापुर, बडगांव एवं वारा का निरिक्षण करने पर पाया गया कि किसानो द्वारा स्वयं बारदानो में धान भरी जा रही थी। किसानो द्वारा मौके पर बताया गया कि उपार्जन केन्द्रों में पर्याप्त संख्या में हम्मालो की व्यवस्था उपार्जन केन्द्रों द्वारा नही की गयी है मौके पर बारदानो में लगी पर्चियों में किसान कोड अंकित नही पाया गया। इस अनियमितताओ के कारण मौके पर पंचनामा बनकर केंद्र प्रभारियो के विरूद्ध प्रकरण तैयार किया गया, और तुरंत ही सर्वेयर को निर्देशित किया गया कि वे किसानो से एफएक्यू धान की खरीदी करे एवं गुणवत्ता युक्त धान के संबंध में किसानो को अवगत कराये। उपार्जन केंद्र प्रभारी एवं वेअरहाउस को निर्देशित किया गया कि किसानो से खरीदी के पश्चात हैंडलिंग चालान, स्वीकृति पत्रक समय सीमा में बनाये जाये जिससे किसानो को भुगतान किया जा सके।

### जांच दल में ये थे शामिल

एसडीएम ठाकुर द्वारा गठित संयुक्त जांच दल में नायब तहसीलदार वारासिवनी श्रीमती मंजुलता महोबिया, थाना प्रभारी वारासिवनी श्री शंकरलाल चौहान, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी वारासिवनी श्री सुनील किरार, मंडी उपनिरीक्षक एवं श्री मनोज पटले द्वारा मेहंदीवाडा से खापा मार्ग में जांच की गयी।

### सचिव विपणन संघ त्रिपाठी ने किया धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण

## जेएसके बैंक में हुई अधिकारियों की बैठक





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

धान उपार्जन वर्ष 2023-24 अंतर्गत बालाघाट जिले में हो रहे धान उपार्जन को लेकर मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार विपणन संघ भोपाल सचिव यतीश त्रिपाठी द्वारा 28 दिसंबर को खापा, कटंगी अंतर्गत खरीदी केंद्रों के अलावा अन्य खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। श्री त्रिपाठी ने बताया कि उनके द्वारा खरीदी केंद्रों में उपस्थित कृषकों से चर्चा की गई साथ ही उपार्जन नियमो के अनुरूप ही धान खरीदी के निर्देश सबंधितो को दिए गए। श्री त्रिपाठी द्वारा धान की गुणवत्ता की जांच करते हुए उपार्जन प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि आवश्यकता अनुसार छन्ने का उपयोग करे और नमी मापक यंत्र से धान की नमी का परीक्षण उपरांत मापदंड के अनुसार ही धान खरीदी किया जावे।

इसी तारताम्य में बैंक मुख्यालय पहुंचे श्री त्रिपाठी द्वारा बैंक सीईओ आर.सी. पटले, डीएमओ हिरेंद्र रघुवंशी, प्रबंधक लेखा पी. जोशी, बैंक विपणन अधिकारी राकेश असाटी, फील्ड अधिकारी राजेश नागपुरे, डीडीए राजेश खोबरागड़े की उपस्थिति में धान खरीदी को लेकर महत्वपूर्ण बैठक ली गई। इस अवसर पर बैंक सीईओ श्री पटले द्वारा श्री त्रिपाठी को अवगत कराया गया कि जिले में 185 उपार्जन केंद्र बनाए गए है जिसमे खरीदी का कार्य किया जा रहा है। जिले के 117596 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है जिसमे से 72188 किसानों ने स्लॉट बुक करा लिया है जबकि 42394 किसानों से 2061632.82 क्विंटल धान की खरीदी की गई है जिसकी राशि 450 करोड़ 5 लाख है। इस दौरान परिवहन, ऋण प्रविष्ठि, वसूली, हमाल, ईपीओ, सफल और असफल भुगतान, बारदाने आदि विषयो पर विस्तृत चर्चा की गई।

## मुख्यमंत्री डॉ.यादव के नवगठित मंत्रीमंडल के सदस्यों से राजेश पाठक की सौजन्य भेंट



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मध्यप्रदेश कबड्डी संघ के उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश पाठक द्वारा गत दिवस राजधानी भोपाल प्रवास के अवसर पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नवगठित सदस्य कैबिनेट मंत्री इंदल सिंह कंसाना, नागर सिंह चौहान एवं राकेश सिंह से सौजन्य भेंट कर मंत्रीमंडल में शामिल किये जाने पर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिवादन किया साथ ही बालाघाट जिले में विकास की संभावनाओं पर विस्तार के साथ चर्चा करते हुए मध्यप्रदेश कबड्डी संघ द्वारा कबड्डी खेल को प्रोत्साहित करने के लिये किये जा रहे प्रयासों से भी उन्हें अवगत कराया। उपाध्यक्ष पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मंत्रीमंडल अनुभव एवं युवा दोनों का मिश्रण है। उन्होंने स्पष्ट भी कर दिया है कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा जो योजनायें जनहित में लागू की गई थी, वह बंद नहीं होगी बल्कि यथावत रखकर उसका लाभ जनता को प्रदान किया जायेगा। इसमें कहीं कोई कमी नहीं छोड़ी जायेगी। वहीं नवगठित मंत्रीमंडल के सदस्यों ने भी चर्चा में स्पष्ट कर दिया है कि प्रदेश प्रगति एवं विकास के पथ पर तीव्र गति से आगे बढते हुए तरक्की के नये आयम को पार करने में कोई कमी नहीं जायेगी। मध्यप्रदेश की जनता द्वारा अभूतपूर्व ढंग से भाजपा को समर्थन देकर जो ऐतिहासिक जीत दर्ज कराई गई है उसका सम्मान करते हुए जनता के विश्वास पर खरा उतरना सरकार की पहली प्राथमिकता है। जिसके संकेत मुख्यमंत्री डॉ. यादव पदभार ग्रहण करने के पश्चात अपने कुछ महत्वपूर्ण निर्णय में दे दिये है। पाठक के अनुसार भाजपा कार्यकर्ताओं पर आधारित राजनीतिक दल है जहां पर कभी भी किसी को भी बड़ी जिम्मेदारी काम करने के लिये दी जा सकती है। इसका प्रमाण हमने मध्यप्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री चयन और मंत्रियों के चयन में देख चुके है। पहली बार किसी विधायक को मुख्यमंत्री बनाये जाने का साहस केवल भाजपा में ही संभव है। किसी अन्य राजनैतिक दल में नहीं। मुझे इस बात को कहने में कोई संकोच नहीं है कि मध्यप्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की जनहितैषी योजनायें और मोदी के मन में मध्यप्रदेश जैसे नारों ने जनता का दिल जीतने का काम किया है। उसी का परिणाम है कि आज मध्यप्रदेश में भाजपा चौथी बार सरकार बनाने में सफल हुई है। आने वाले लोकसभा में भी भाजपा का यह अभूतपूर्व प्रदर्शन इसी तरह से जारी रहेगा और पुनः केन्द्र की सत्ता में भाजपा सरकार की वापसी होगी। मध्यप्रदेश में भी 29 की 29 सीट जीतने का जो लक्ष्य रखा गया है। उसमें शत प्रतिशत सफलता मिलेगी इसमें कोई संदेह नहीं।

### संकल्प यात्रा में 334 हितग्राहियों ने सुनाई मेरी कहानी मेरी जुबानी

**बालाघाट।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान पूर्व में भारत सरकार की विभिन्न योजना से लाभान्वित हुये हितग्राहियों द्वारा अपनी कहानियॉ मंच से सुनाई जा रही है। इन कहानियों से अन्य छुटे हुये पात्र व्यक्ति भी प्रभावित हो रहे है। गुरुवार को कुल 334 हितग्राहियों ने ऐसी कहानियॉ सुनायी है। इसमें सबसे अधिक लालबर्रा के 160, किरनापुर के 27, कटंगी के 28, परसवाड़ा के 34, लांजी के 19, बैहर के 7, वारासिवनी के 14, बालाघाट के 17 और खैरलांजी के 28 लाभान्वितों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी सुनाई है। यात्राओं के दौरान कुल 2399 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई। वहीं 1129 नागरिकों की टीबी की जांच और 690 की सीकल सेल जांच की गई है।

### पुलिस महानिदेशक का आकस्मिक दौरा

## वारासिवनी और रामपायली थानों का किया निरीक्षण, अपराधों पर अंकुश लगाने की कही बात



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने और पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना के निर्देश के परिपालन में पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने वारासिवनी और रामपायली थानों का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने दस्तावेजी जानकारी के साथ थाने की व्यवस्था को देखा और पुलिस बल को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि रात्रि गश्त स्वयं करें और हूटर का प्रयोग करते हुए प्रभावी गश्त कराना सुनिश्चित करें। थाना प्रभारियों को सख्त हिदायत दी कि वह थाना क्षेत्र में मुस्तैद रहकर थाना क्षेत्र के अपराधो पर अंकुश लगाकर रखेंगे एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना सुनिश्चित करेंगे।

### बालाघाट पर भोपाल ने दर्ज की जीत

**बालाघाट।** जिले में 10 दिसंबर से खेली जा रही मध्यप्रदेश फुटबॉल लीग प्रतियोगिता में 28 दिसंबर को लेकसिटी भोपाल बनाम द डायमंड रॉक एकेडमी बालाघाट के बीच लीग मैच खेला गया। प्रतियोगिता के मैच शुभारंभ में बतौर अतिथि समाजसेवी उमेश जायसवाल, सुशील ठाकुर की उपस्थिति में किया गया। दोपहर 02 बजे से मुलना मैदान में लेकसिटी भोपाल बनाम द डायमंड रॉक एकेडमी बालाघाट खेले गए मैच, में लेक सिटी भोपाल ने द डायमंड रॉक एकेडमी बालाघाट को 2-0 से पराजित कर पाईंट टेबल में तीन अंक हासिल किए। इस मैच में मैन ऑफ द मैच लेकसिटी भोपाल के जर्सी नंबर 26 खिलाड़ी चौंगलु को दिया गया। इसके साथ ही लीग मैच के पाईंट टेबल में लेक सिटी भोपाल 14 अंक के साथ प्रथम पायदान पर है तो द डायमंड रॉक एकेडमी 13 अंक के साथ दूसरे पायदान पर है।

### खबर संक्षेप

#### निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण 1 जनवरी से

**बालाघाट।** नगर की सहस्त्रबाहु एजुकेशनल एवं सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा कौशल उन्यनयन के अंतर्गत कम्प्यूटर प्रशिक्षण के नये बैच 1 जनवरी 2024 से प्रारंभ किये जायेगें, जिसमें कम्प्यूटर फन्डामेन्टल, कम्प्यूटर ऑपरेटिंग, एम.एस. वर्ड, एक्सेल, पॉवरपाईट, इंटरनेट, पेजमेकर, कोरलड्रॉ, डीटीपी, बेसिक एकाउंटिंग, कम्प्यूटराईज्ड एकाउंटिंग जैसे 10 प्रकार के रोजगारोन्मुखी कम्प्यूटर कोर्स का प्रशिक्षण दिया जायेगा। संस्था के अध्यक्ष राकेश वर्मा 'ताम्रकार' द्वारा जानकारी देते हुये बताया गया कि उक्त प्रशिक्षण के लिए पंजीयन 31 दिसम्बर 2023 तक आमंत्रित किये गये है जिसमें हितग्राही को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जावेगा। यह प्रशिक्षण मोतीनगर बालाघाट स्थिति सर्च इन्फोटेक में प्रदान किया जायेगा। यहां थ्योरी क्लास के साथ कम्प्यूटर पर प्रेक्टीकल की सुविधा उपलब्ध रहेगी। घर के कामों में व्यस्त गृहणियों के लिए 3-4 व 4-5 का समय रिजर्व रखा गया है। अब तक कम्प्यूटर संचालन ज्ञान से वंचित गृहणियों, छात्राओं, कर्मचारियों आदि के लिए शुरूआत से कम्प्यूटर सीखने का सुनहरा अवसर है। ग्रामीण क्षेत्रों के आकर कॉलेज में शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों को भी कम्प्यूटर ज्ञान अनिवार्य हो गया है। शासकीय एवं निजी क्षेत्रों में मान्य यह कोर्स कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं, गृहणियों, व्यवसायियों के लिए आर्थिक बचत के साथ कम्प्यूटर में कौशल प्रदान करेगा।

## धान खरीदी केन्द्रों में किसानों से अधिक धान खरीदी पर जिला पंचायत सदस्य बिसेन ने नाराजगी जाहिर की, एसडीएम से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

जिला पंचायत बालाघाट के सदस्य लोमहर्ष बिसेन ने धान खरीदी केंद्रों पर किसानों से निर्धारित धान से अधिक धान तौलकर खरीदी केंद्रों में किसानों का शोषण किए जाने पर नाराजगी जताते हुए किसानों के शोषण के जिम्मेदारों पर कार्यवाही करने एवँ किसानों की उपज को निर्धारित तौल में ही लिए जाने की व्यवस्था बनाए जाने को लेकर गुरुवार 28 दिसंबर को एसडीएम कामिनी ठाकुर से मुलाकात की और इस मामले पर उनसे चर्चा कर ज्ञापन भी सौंपा।

चर्चा में जिला पंचायत सदस्य लोमहर्ष बिसेन ने बताया कि किसानों से बारदाने के वजन सहित 40 किलो 580 ग्राम धान खरीदने का फरमान जिम्मेदारों द्वारा जारी किया गया हैं। लेकिन सोसायटियों में जिम्मेदारों द्वारा किसानों से जबरन करीब आधा किलो धान अधिक लिया जा रहा हैं, जो अनुचित हैं।

उन्होंने प्रशासन से मांग की हैं कि सभी खरीदी केन्दों पर फ्लैक्स लगाकर उसमें स्पष्ट रूप से लिखा जाए कि बारदाने सहित 40 किलो 580 ग्राम धान ही किसान तौले, इससे अधिक नहीं। उन्होंने मांग की कि प्रशासन तत्काल उडऩदस्ते का भी गठन करें, जो धान खरीदी केंद्रों में जाकर वहाँ की व्यवस्थाओं का जायजा ले। जिला पंचायत सदस्य लोमहर्ष बिसेन ने किसानों से अपील की हैं कि वे शासन के नियमानुसार ही धान की बिक्री करे, यदि कोई भी कर्मचारी जबरन अधिक धान तौल करता हैं, तो उसकी शिकायत वे उनसे कर सकते हैं।

## श्रमिकों के बच्चों के लिये उपलब्ध है श्रमोदय विद्यालय

### चार संभागों में संचालित है विद्यालय

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला श्रम पदाधिकारी द्वारा सूचित किया गया है कि आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा श्रमिकों के बच्चों के लिये श्रमोद्याल उपलब्ध है। यह विद्यालय राज्य के चार संभाग भोपाल, इंदौर, जबलपुर व ग्वालियर में संचालित है। इन विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रत्येक विद्यालय से 160 तथा कुल 640 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाता है। विद्यालय में छात्र छात्राओं को सुविधाएँ भी उपलब्ध की गई है।

### विद्यालय में मिलने वाली सुविधाएँ

इन विद्यालयों में सीबीएसई पाठ्यक्रम आधारित अध्यापन कार्य कराया जाता है, छात्र-छात्राओं के लिए उच्च कोटि की और पृथक-पृथक आवास व्यवस्था होती है, इनमें छात्रों के लिए पुरुष वार्डन एवं छात्राओं के लिए महिला वार्डन होते हैं, छात्र-छात्राओं का पृथक-पृथक मेस होता है इनमें निर्धारित मेन्यू के अनुसार स्वादिष्ट एवं गुणवत्ता युक्त नाश्ता भोजन प्रदाय किया जाता है। विद्यार्थियों के नियमित स्वास्थ्य की देखभाल के लिये पृथक-पृथक महिला एवं पुरुष चिकित्सक की व्यवस्था होती है एवं समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाता है जिसके लिये विद्यालयों को स्वास्थ्य सेवा प्रदायकर्ता चिकित्सालय से विधिवत अनुबंध किया जाता है। विद्यालयों द्वारा निशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं निशुल्क गणवेश प्रदाय किया जाता है। संपूर्ण विद्यालय की सफाई एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से सुनिश्चित की जाती है एवं सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे भी उपलब्ध कराये गए है। पाठ्येत्तर गतिविधियों के लिए समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। विद्यालय में स्मार्ट क्लास के माध्यम से अध्यापन कार्य कराया जाता है एवं गुणवत्ता युक्त कम्प्यूटर एवं अन्य प्रयोगशालाएँ भी उपलब्ध करायी गई है। उत्तम परीक्षा परिणाम के लिए विद्यालयों में कार्य योजना बनाकर निदानात्मक गतिविधियाँ एवं रात्रि कालीन कक्षाएँ संचालित होती है। 10 छात्र-छात्राओं के प्रगति प्रतिवेदन के लिए समय-समय पर पालक शिक्षक सगोष्ठी का आयोजन किया जाता है तथा ठण्ड के मौसम में छात्र-छात्राओं को सोलर पैनल्स के माध्यम से गर्म पानी भी प्रदाय किया जाता है।

### काली राख से वार्डवासी और दूषित पानी से किसान परेशान

## उष्णा प्लांट की जांच करने प्रदूषण विभाग से पहुंचे अफसर



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

गुरूवार को मध्यप्रदेश प्रदूषण बोर्ड क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर के सहायक यंत्री संजय वर्मा कटंगी शहर के पाथरवाड़ा रोड़ स्थित संत जयराम दास उष्णा प्लांट पहुंचे. यहां उन्होंने प्लांट से निकलने वाली काली राख और दूषित जल को खेतों में प्रवाहित करने की वास्तविकता को देखा और पंचनामा कार्रवाई की. दरअसल, वार्डवासियों ने कुछ दिनों पहले ही विधायक गौरव पारधी को प्लांट से निकलने वाली काली राख और दूषित पानी की समस्या से अवगत कराते हुए प्लांट को बंद करवाने में सहयोग करने की मांग रखी थी. जिसके बाद विधायक ने कानूनी प्रक्रियाओं के तहत सहयोग करने का भरोसा दिया था. वहीं वार्डवासियों ने 181 में भी शिकायत की थी. जिसके बाद प्रदूषण बोर्ड के अधिकारी गुरुवार को प्लांट में जांच करने के लिए पहुंचे. उन्होंने शिकायतकर्ताओं से कथन दर्ज किए है. बता दें कि करीब 6 साल से उष्णा प्लांट की वार्डवासियों के द्वारा लगातार शिकायत कर प्लांट को बंद कराने की मांग की जा रही है इसके अलावा वार्डवासी कानूनी तौर पर भी इस प्लांट को बंद करवाने की लड़ाई लड़ रहे है. मामला एसडीएम कोर्ट में विचाराधीन है।

गुरुवार को जब प्रदूषण बोर्ड के सहायक यंत्री जांच करने के लिए कटंगी आए तो उन्होंने प्लांट से करीब 200 मीटर की दूरी पर स्थित मकानों में पहुंचकर स्थिति देखी तो पाया कि प्लांट से निकलने वाली काली राख घरों तक पहुंच रही है वहीं प्लांट से दूषित पानी को परिसर से बाहर खेतों में प्रवाहित किया जा रहा है. बता दें कि यह कोई पहली बार नहीं है कि प्रदूषण बोर्ड के अधिकारियों के द्वारा जांच और पंचनामा कार्रवाई की गई है जब भी वार्डवासी शिकायत करते है बोर्ड के अफसर जांच की खानापूर्ति कर देते है. वार्डवासियों का कहना है कि अगर प्रशासनिक अधिकारियों के जरिए न्याय नहीं मिला और प्लांट का संचालन बंद नहीं हुआ तो न्यायालय की चौखट पर पहुंचकर गुहार लगाएंगे।

### इनका कहना है

शिकायतकर्ताओं की शिकायत पर जांच की गई है पंचनामा तैयार कर लिया गया है अब विभागीय नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**संजय वर्मा सहायक यंत्री**
**मध्य प्रदेश प्रदूषण बोर्ड**

### उकवा खरीदी केंद्रो में लगा धान का भंडार

## धान का उठाव नहीं होने से किसान हो रहे परेशान



हरिभूमि न्यूज उकवा।

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति उकवा के अंतर्गत धान उपार्जन वर्ष 2023-24 मे समर्थन मूल्य धान खरीदी के लिए तीन धान खरीदी केन्द्र बनाये गये है । जिनमे उकवा धान खरीदी केन्द्र प्रभारी शिव कुमार पारधी, सोनपुरी दलदला केन्द्र प्रभारी रामदयाल जैतवार व चिखलाझोड़ी केन्द्र प्रभारी रूपचंद पारधी को धान खरीदी का प्रभार सौपा गया है । उकवा में माईन हॉस्पिटल के बाजू ग्राउंड में केन्द्र बनाया गया है । सोनपुरी में स्कूल ग्राउंड और चिखलाझोड़ी में मंडई ग्राउंड में धान खरीदी केन्द्र बनाये गये है । उकवा धान खरीदी केंद्र में 265 स्लॉट बुक कराया जा चुके हैं 27 दिसंबर तक 194 किसानों से 11783.2 क्विंटल धान खरीदी भी की जा चुकी है मगर धान का परिवहन नहीं होने के कारण तीनों ही धान खरीदी केन्द्रो में किसानों को परेशान होना पड़ रहा है किसानों ने अपनी परेशानी बताते हुए कहा कि स्लॉट बुकिंग के बाद तिथि के अनुसार हमने अपना धान केंद्र में लाया है मगर केंद्र में धान का इतना भंडार लगा हुआ है कि हमारा धान रखने एंव पलटी करने तक की जगह नहीं है तो अब हम अपना धान कांटा कैसे करवाए । किसानों ने यह भी बताया कि बहुत से पत्रकार धान खरीदी केंद्र में आते रहते हैं मगर किसानो की समस्या पूछने के बजाये केंद्र प्रभारी से मिलकर सीधे चले जाते हैं । किसान अतिलाल रहांगडाले, गुलाब चौधरी, महारसिंह बिसेन, अशोक पटले बाडुलाल धनकरे एंव रूपा आलोद आदी अन्य किसानो ने शासन एवं संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि जल्द से जल्द धान खरीदी केंद्र से धान का उठाओ एवं परिवहन की व्यवस्था कराए ताकि परेशान हो रहे किसानों को अपनी धान बेचने में असुविधा एवं परेशानी ना हो ।